प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 18.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज लोकसभा में विकसित भारत–जी राम जी विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देंगे।
- राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आज पर्यावरण जागरूकता के कार्यक्रम होंगे।
- विधानसभा की सदाचार समिति ने विधायक निधि में कथित भ्रष्टाचार के मामले में तीन विधायकों को नोटिस जारी किया।
- प्रदेश में रात के पारे में गिरावट से सर्दी का असर बढा–कई स्थानों पर घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित।

.....................

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज लोकसभा में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) की गारंटीः विकसित भारत–ग्राम कल्याण विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देंगे। लोकसभा में कल देर रात तक इस विधेयक पर चर्चा पूरी होने तक बैठक जारी रही।
नया अधिनियम बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का स्थान लेगा। योजना के तहत श्रमिकों को दी जाने वाली राशि के लिए केंद्र सरकार 60 प्रतिशत और राज्य सरकार 40 प्रतिशत का योगदान देगी। लोकसभा में विकसित भारत–जी राम जी विधेयक पेश करते हुए श्री चौहान ने कहा कि यह विधेयक गांवों में विकास सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि विधेयक में रोजगार के दिनों की गारंटी 100 से बढ़ाकर 125 दिन करने का प्रस्ताव है।

.....................

वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आज पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राजधानी जयपुर में हरियालो राजस्थान पर्यावरण कॉन्क्लेव होगी। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से होने वाली इस कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शिरकत करेंगे। इस दौरान वे राजस्थान की हरित अर्थव्यवस्था पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे तथा 'मेरी लाइफ–सस्टेनेबल लाइफस्टाइल फॉर एन्वायरमेंट' पोस्टर का विमोचन करेंगे। उधर विभिन्न जिलों में भी पर्यावरण जागरूकता के लिए गतिविधियां रखी गई है। बाडमेर में विद्यार्थियों की ओर से पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली जायेगी। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक, ई–वेस्ट और सोलिड वेस्ट प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम होंगे। इस दौरान लोगों को कपडे के थैलों का वितरण किया जायेगा। सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां रैली के साथ–साथ विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होंगी।

.....................

औद्योगिक नगरी भिवाडी में वायु प्रदूषण के बढते स्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने ग्रेप–4 के प्रतिबंध लगा दिये है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकडो के अनुसार यहां का एक्यूआई 225 दर्ज किया गया है जो खराब श्रेणी में आता है। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी अमित जुराल ने बताया कि लगातार बढते प्रदूषण को देखते हुए प्रशासन सक्रिय हो गया है और वायु गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

.....................

इस बीच चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों, बुजुर्गो तथा सांस के रोगियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। साथ ही अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचने और मास्क का उपयोग करने को कहा गया है।

.....................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन देशों के दौरे के अंतिम चरण में कल शाम ओमान के मस्कट पहुंचे। जॉर्डन और इथियोपिया की सफल यात्रा के बाद वे ओमान पहुंचे। ओमान के रक्षा मामलों के उप–प्रधानमंत्री सैयद शिहाब बिन तारिक अल सईद ने श्री मोदी का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत–ओमान सहयोग को मजबूत करने और रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। श्री मोदी आज ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ बातचीत करेंगे। भारत और ओमान के बीच आज ऐतिहासिक आर्थिक साझेदारी मुक्त व्यापार समझौते–सीईपीए पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

......................

विधानसभा की सदाचार समिति ने विधायक निधि में कथित भ्रष्टाचार के मामले में तीन विधायकों को नोटिस जारी किया है। सदाचार समिति की कल हुई बैठक में इन विधायकों को अपना पक्ष रखने के लिए 19 दिसम्बर को बुलाया गया है। समिति के अध्यक्ष और विधायक कैलाश वर्मा ने बताया कि विधायक रेवंतराम डागा, अनिता जाटव और ऋतु बनावत को अपना पक्ष रखने के लिए समिति के समक्ष उपस्थित होने को कहा गया है। गौरतलब है कि एक समाचार पत्र ने विधायक निधि में भ्रष्टाचार संबंधी खबर प्रकाशित की थी।

......................

ग्रामीण विकास मंत्रालय और राजीविका की ओर से आज से जयपुर में सरस राज सखी राष्ट्रीय मेला शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इस मेले का शुभारम्भ करेंगे। जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में लगने वाले इस मेले में ढाई सौ से अधिक स्टॉल्स पर महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। इनमें हस्तशिल्प, वस्त्र और खाद्य पदार्थो की स्टॉल्स शामिल होंगी। ये मेला 4 जनवरी तक आयोजित किया जायेगा। इस बीच जवाहर कला केन्द्र में राज्यसरकार की दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी में कल सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। इसमें विभिन्न लोककलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। वहीं जेकेके में आज से जयपुर रंग महोत्सव–जयरंगम शुरू हो रहा है। चार दिन के इस महोत्सव में 11 नाटक खेले जायेंगे। साथ ही इस दौरान संगीत और संवाद के भी सत्र आयोजित किये जायेंगे।

......................

प्रदेश में रात के पारे में गिरावट से सर्दी का असर बढ गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कल कुछ शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। वहीं ज्यादातर स्थानों पर रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। सिरोही से हमारे संवाददाता ने बताया कि माउंटआबू में पारा जमावबिन्दु के आसपास पंहुचने से कडाके की सर्दी का एहसास हो रहा है।

......................

उधर पूर्वी राजस्थान और शेखावाटी क्षेत्र तथा आसपास के शहरों में घना कोहरा छाया हुआ है। भरतपुर में कोहरे के असर से यातायात प्रभावित हो रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दृश्यता 50 मीटर से भी कम होने से वाहन धीमी गति से चल रहे है। हालांकि ये कोहरा रबी की फसल के लिए लाभदायक माना जा रहा है। विभाग ने अगले चार–पांच दिन पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान इन स्थानों पर न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री की बढोतरी हो सकती है।

......................